आधुनिक भारत का इतिहास

राष्ट्रवाद

(खंड-3)

-मणिकांत सिंह

1. किसने भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन को पहली बार चतुर्मुखी कार्यक्रम बहिष्कार, स्वदेशी, स्वराज और राष्ट्रीय शिक्षा दिया?

(a) दादा भाई नौरोजी (b) बाल गंगाधर तिलक

(c) महात्मा गाँधी (c) अरविन्द घोष

2. **कथन (A) :** 1885 में एक अवकाश प्राप्त ब्रिटिश अधिकारी ए० ओ० ह्यूम की पहल पर एक अखिल भारतीय संस्था, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना हुई।

कारण (R) : ए० ओ० ह्यूम 1857 के विद्रोह जैसी घटना से भयभीत था, अतः वह कांग्रेस जैसे देशी संस्था का उपयोग ब्रिटिश के द्वारा भारतीय जनमत की जानकारी के लिए करना चाहता था।

(a) A और R दोनों सत्य हैं और R, A का सही स्पष्टीकरण है।

(b) A और R दोनों सत्य हैं परंतु R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(c) A सत्य है लेकिन R असत्य है।

(d) A असत्य है लेकिन R सत्य है।

3. निम्नांकित में से कौन सी मांग कांग्रेस के नेताओं ने इस संस्था के स्थापना काल में नहीं रखी थी?

(a) न्यायपालिका का कार्यपालिका से पृथक्करण

(b) सैनिक व्यय की कमी

(c) भारत के सभी प्रांतों में वयस्क मताधिकार पर आधारित पूर्ण उत्तरदायी शासन की स्थापना।

(d) भारत के सभी भागों में स्थायी बन्दोबस्त का प्रचलन।

4. निम्नलिखित में कौन ब्रिटिश वायसराय ने यह घोषित किया था कि 'कांग्रेस महज मुट्ठी भर अल्पसंख्यकों का प्रतिनिधित्व करती है'?

(a) लार्ड लिट्टन
(b) लार्ड डफरिन
(c) लार्ड लेंसडाउन
(d) लार्ड कर्जन

5. सुरेन्द्रनाथ बनर्जी द्वारा स्थापित इण्डियन एसोसिएशन की स्थापना के पीछे निम्नांकित में से क्या उद्देश्य नहीं था?

1. हिन्दू मुस्लिम जनसंपर्क की स्थापना।
2. सार्वजनिक कार्यक्रम के आधार पर लोगों को संगठित करना।
3. भारत को अंग्रेजों से स्वतंत्र कराना।
4. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का विरोध करना।

कूट:

(a) 1, 2, 3 (b) 2, 3

(c) 3, 4 (d) 1, 2, 4